# कार्यालय नगर निगम ग्रेटर जयपुर

(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड जयपुर–15)

क्रमांकः एफ4( )/आई.टी./ननिग्रेज/2025/ 187 दिनांकः 19-06-25

## बैठक कार्यवाही विवरण

अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम ग्रेटर जयपुर की अध्यक्षता में उनके कक्ष में दिनांक 06.06.2025 को सांय 03:30 बजे बॉयोमैट्रिक से संबंधित प्रकरणों के संबंध में बैठक आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित अधिकारीगण उपस्थित हुऐः–

1. श्रीमती सीमा कुमार, अतिरिक्त आयुक्त, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
2. श्री ओम प्रकाश थानवी, उपायुक्त स्वास्थ्य, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
3. श्री मनोज कुमार वर्मा, उपायुक्त विद्याधर नगर, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
4. श्री प्रियव्रत सिंह चारण, उपायुक्त मालवीय नगर, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
5. श्री रवि कुमार गोयल, उपायुक्त सांगानेर, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
6. श्रीमती अपर्णा शर्मा, उपायुक्त मुरलीपुरा, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
7. श्रीमती मनीषा यादव, उपायुक्त झोटवाड़ा, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
8. श्रीमती ममता नागर, उपायुक्त जगतपुरा, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
9. श्री लक्ष्मीकांत कटारा, उपायुक्त मानसरोवर, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
10. श्री करणी सिंह, उपायुक्त गैराज, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
11. श्री नितिन शर्मा, अधीक्षण अभियंता, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
12. श्री अतुल शर्मा, अधीक्षण अभियंता, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
13. श्री वैभव कुमार, एसीपी (उपनिदेशक), नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
14. श्री गौतमलाल, उपायुक्त फायर/मुख्य अग्निशमन अधिकारी, नंगर निगम ग्रेटर जयपुर।
15. श्रीमती धर्मिता चौधरी, जनसंपर्क अधिकारी, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
16. श्री महेश मिश्रा, अधिशासी अभियंता मुख्यालय, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
17. श्री प्रदीप शर्मा, अधिशासी अभियंता विद्युत (मालवीय नगर, सांगानेर, जगतपुरा, प्रोजक्ट, हिगोंनिया, मुख्यालय, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
18. डॉ. रश्मि कांकरिया, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
19. श्री गोपाल लाल शर्मा, राजस्व अधिकारी, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
20. श्री चन्द्रेश कुमार गौतम, सहायक प्रोग्रामर, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।

अतिरिक्त आयुक्त द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारीगण से बॉयोमैट्रिक उपस्थिति के संबंध में चर्चा की गई तथा चर्चा उपरांत उपायुक्तों एवं अनुभाग अधिकारियों को निम्न निर्देश प्रदान कियेः–

1. **फील्ड में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी के संबंध मेंः–**

- समस्त उपायुक्त/शाखा प्रभारी को निर्देशित किया गया कि वे अपने अधीनस्थ ऐसे अधिकारी/कर्मचारी जो कुछ दिवस फील्ड में कार्य करते है इनका विवरण सूची को प्रमाणित कर आई.टी. शाखा नगर निगम को उपलब्ध करावें।
- एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर को निर्देशित किया गया कि वर्तमान में संचालित बॉयोमैट्रिक सॉफ्टवेयर में फील्ड में कार्यरत कार्मिकों के लिए ऐसा प्रावधान करना सुनिश्चित करेगें जिससे फील्ड में कार्यरत कर्मचारी उस संबंधित जोन एवं जोन के अधीन समस्त कार्यालयों में उपस्थिति कर सकेंगें।

Validity unknown Signature valid

Digitally signed by Om Prakash Thanvi
Designation : Additional Commissioner
Date: 2025.06.… 13:00 IST
Reason: Approved

2. रात्रिकालीन कार्यरत सफाई कर्मचारी/कार्मिकों के संबंध में:–

- रात्रिकालीन कार्यरत सफाई कर्मचारी, विद्युत निरीक्षक, लाईनमैन, आदि की बॉयोमैट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित हो सके इस हेतु जोन उपायुक्तों को निर्देशित किया गया कि वे जोन पर कार्यरत गार्ड/चौकीदारों को इस आशय हेतु पाबंद करेगें कि वे जोन कार्यालय को रात्रि के समय खुला रखे ताकि जोन क्षेत्राधिकार में रात्रि के समय कार्यरत कर्मचारियों की बॉयोमैट्रिक मशीन में उपस्थिति सुनिश्चित हो सके।

3. ड्राईवरों के संबंध में:–

- एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर को निर्देशित किया गया कि गैराज शाखा में कार्यरत ड्राईवरों के लिए बॉयोमैट्रिक सॉफ्टवेयर में ऐसा प्रावधान किया जावे कि माह के किन्ही चार दिवसों को Week off की श्रेणी में माना जावें अर्थात ड्राईवरों के लिए 26 कार्य दिवसों का माह निर्धारित रखा जावे।

4. स्थानांतरित/रिटायर्ड कार्मिकों के संबंध में:–

- समस्त जोन उपायुक्तों को निर्देशित किया गया कि अपने अधीनस्थ कार्मिकों विशेषतः सफाई कार्य से जुड़े कर्मचारियों के स्थानांतरण आदेशों की प्रति एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर को उपलब्ध करावें साथ ही स्थानांतरण आदेशों में ही कार्मिकों को स्वतः कार्यमुक्त होने हेतु आदेशित किया जावे।
- समस्त जोन उपायुक्तों को निर्देशित किया गया कि रिटायर्ड होने वाले कर्मचारी की सूचना रिटायरमेंट दिनांक से एक माह पूर्व तक आई.टी. शाखा नगर निगम को उपलब्ध करावें।

5. अग्निशमन कार्यालयों में कार्यरत फायरमैन विभिन्न शिफ्ट में कार्य करते है इस हेतु मुख्य अग्निशमन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि शिफ्टिंग आदेशों (जिसमें यह स्पष्ट हो कौनसा कर्मचारी किस दिन किस शिफ्ट में कार्य करेगा) की एक प्रति आई.टी. शाखा को उसी दिवस उपलब्ध करावे।
6. बॉयोमैट्रिक उपस्थिति विवरण में अवकाशों एवं फील्ड ड्यूटी ब्यौरे का इन्द्राज/Updation जोन कार्मिकों हेतु केवल जोन उपायुक्तों के प्रमाणीकरण पश्चात् आई.टी. शाखा द्वारा किया जायेगा। मुख्यालय स्तर पर शाखा प्रभारी द्वारा प्रमाणीकरण किया जायेगा।
7. एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर को निर्देशित किया गया कि जोन उपायुक्तों एवं मुख्यालय के शाखा प्रभारियों के प्रमाणीकरण के आधार पर बॉयोमैट्रिक उपस्थिति विवरण में आवश्यक Updation कराने का श्रम करेगें जिससे कार्मिकों की गत दो माह के रूके हुए वेतन भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण हो सके।

**तत्पश्चात् बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।**

**(ओमप्रकाश थानवी)**
आर.ए.एस.
**अतिरिक्त आयुक्त**
**नगर निगम ग्रेटर जयपुर**

प्रतिलिपिः–

1. निजी सहायक, महापौर महोदया/उपमहापौर महोदय, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
2. निजी सहायक, आयुक्त महोदया, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
3. समस्त उपायुक्त मुख्यालय/जोन उपायुक्त, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
4. समस्त शाखा प्रभारी अधिकारी, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
5. एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
6. गार्ड फाईल।

Validity unknownSignature valid

Digitally signed by Omprakash Thanvi
Designation : Additional Commissioner
Date: 2025.06.[illegible] 15:00 IST
Reason: Approved

**RajKaj Ref No.: 15997131**